'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

सिरोही. राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. कमला बन्धु की अध्यक्षता मे गुरुवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम हुआ। डॉ. बन्धु ने छात्राओं को कार्यक्रम की जानकारी दी। सह आचार्य मनीष सक्सेना ने विद्यार्थियो को भारत की समन्वित संस्कृति की गौरवशाली परंपराओ से अवगत कराया।सह आचार्य डॉ. शैलेन्द्रसिंह राठौड़ ने छात्राओं को भारत के उत्तरी पूर्वी राज्यो विशेषकर असम के शेष भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधो को सह विस्तार बताया। युवा विकास केन्द्र प्रभारी विमल कुमार यादव ने असम की समृद्ध गायन संगीत व नृत्य कलाओं की जानकारी दी। सहायक आचार्य डॉ. रेणु ने असम के विभिन्न व्यक्तिओ के राष्ट्र निर्माण मे योगदान को स्पष्ट किया। सहायक आचार्य प्रिया मीणा ने भी सम्बोधित किया।

आबूरोड. राजकीय महाविद्यालय, आबूरोड में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत राजस्थान के सहयोगी राज्य असम की भाषा क्षेत्र व संस्कृति से विद्यार्थियों को रूबरू करवाया गया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत क्लब के को-ऑर्डिनेटर डॉ. मनोज कुमार भारी ने बताया कि भारत सरकार की इस योजना में विविधतायुक्त भारतीय सांस्कृतिक क्षेत्रों को साझा इतिहास की ओर से गूंथे होने के राष्ट्र भाव को पल्लवित करते हुए समस्त भारत में इस लौ जागृत करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना व एक भारत-श्रेष्ठ भारत क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम एनएसएस सहप्रभारी डॉ. रितेशकुमार अग्रवाल ने असम के भौगोलिक क्षेत्र, संसाधनों की विद्यार्थियों को जानकारी दी। विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। स्मार्ट क्लास प्रभारी इंदु आसेरी ने बताया कि शुक्रवार को असम की संस्कृति से परिचय करवाने के लिए समार्टक्लास में फिल्म प्रदर्शित की जाएगी व असम से सम्बंधित साहित्यिक, सामाजिक करने समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य भूराराम ने विचार व्यक्त किए। पूनमचंद चावला, भगवानदेव ईनाणी समेत कई छात्र उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner